प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

आरोप–प्रत्यारोप

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उपायुक्तों को सीमित अधिकार देने के फैसले को लेकर स्पष्ट किया कि यह फैसला जमीनी स्तर की विसंगतियों को दूर करने के लिए लिया गया है। कल पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कई जगहों पर ऐसी सीटें OBC के लिए आरक्षित थीं, जहां उनकी आबादी बेहद कम थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह फैसला राजनीतिक नहीं, बल्कि प्रशासनिक और सुधारात्मक कदम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पंचायत चुनाव 31 मई तक कराने का ऐलान किया है। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर चुनाव में देरी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा करने का आरोप भी लगाया।

सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश

इन्होंने कहा कि 5 प्रतिशत बदल देंगे ऐसा नहीं वह एक अधिकार दिया गया जो क्योकि जो हमारे जनसंख्या का सर्वे है जो 2011 के आधार के आकंलन पर रोस्टर बनाया जाता है और जो ओबीसी का है वह 1990 के रोस्टर के आधार पर बनया जाता है सर्वे में कई जगह ओबीसी पंचायत हो जाती है लेकिन वहां पर ओबीसी की पॉपोलेशन नहीं है ऐसी परिस्थिति में यह जरूरी ही नहीं की रोस्टर चैंज करना है यह मैं कलियर करना चाहता हूं 31मई से पहले हमारे चुनाव होंगे।

वहीं दूसरी ओर रोस्टर में डीसी को पांच फीसदी आरक्षण की शक्तियों को असंवैधानिक बताते हुए विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर अपरिपक्व फैसले के आरोप लगाए हैं और कहा है कि इस फैसले के बाद जिला के उपायुक्त भी दुविधा में है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार पंचायत चुनाव को टालने के लिए गलत निर्णय ले रही है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

जयराम ठाकुर नेता विपक्ष

औचित यह है हिमाचल प्रदेश यह पहली बार रोस्टर में 5 प्रतिशत उपायुक्तों को दिए जाने का अधिकार की आरक्षण आप करेंगे सारे के सारे उपायुक्त सिर पकड़ कर बैठे हुए है वह बोलते है यह हमारे लिए आफत हो गई है जब एक सेट फार्मला पूरे देशभर में है जिसमें आरक्षण का जो पोपोलेशन, पोपोलेशन के साथ साथ रोटेशन बेस है मुझे नहीं लगता कि उसे कोई चीज हासिल कर पाएंगे चुनाव हो रहे है तो उसमें इस प्रकार की हरकतें करने से कोई लाभ नहीं मिलने वाला।

गुड फ्राईडे

विश्व भर में ईसाई आज गुड फ्राइडे मना रहे हैं और ईसा मसीह के क्रूस पर चढ़ने की स्मृति में प्रार्थना कर रहे हैं। चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं और क्रूस की यात्रा हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हो रहे हैं।

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित क्राईस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोग विशेषकर ईसाई धर्म के अनुयायी भाग ले रहे हैं। ईस्टर से पहले आने वाले पवित्र सप्ताह के हिस्से के रूप में यह दिन मौन और तपस्या के साथ मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि यह दिन लोगों को करुणा, क्षमा और सेवा के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इन मूल्यों को जीवन में अपनाने और समाज में शांति तथा भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।

जेईई परीक्षा – प्रारंभ

भारत और विदेश में लगभग 566 परीक्षा केंद्रों पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जे.ई.ई.– मेन का दूसरा सत्र कल से शुरू हो गया है। इसके बाद की परीक्षाएं कल से 8 अप्रैल तक देश भर के 304 शहरों और देश के बाहर 14 शहरों में आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी लगभग 11 लाख 23 हजार उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आयोजित कर रही है।

अटल टनल

लाहौल–स्पिति जिले में अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के आसपास के क्षेत्रों में हिमस्खलन के बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रतिबंधित जोन घोषित किया गया है। जिला प्रशासन ने यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए हैं। प्रशासन के अनुसार, इस क्षेत्र में हिमस्खलन, बर्फ व, मलबा गिरने और अचानक मौसम खराब होने का खतरा बना रहता है, जिससे पहले भी जान–माल का नुकसान हो चुका है। आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी हालांकि, यह आदेश आपातकालीन सेवाओं, सरकारी अधिकारियों, बीआरओ कर्मियों और आपदा राहत एजेंसियों पर लागू नहीं होगा। लोगों से अपील की गई है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में आज से मौसम फिर करवट ले सकता है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में घने बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पांच जिलों चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के कुछ स्थानों में अंधड़ व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं राज्य में आगामी 6 दिनों तक कई क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है। इधर प्रदेश में मार्च महीने में सामान्य से 17 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।

———————————